कोटद्वार, बुधवार
25 सितम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 148 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

खूनी संघर्ष में एक की मौत, ग्राम प्रधान समेत छह घायल

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के आमखेड़ी गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक व्यक्ति के सिर में धारदार हथियार लगने से मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान समेत छह लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। खूनी संघर्ष के बाद दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के आमखेड़ी गांव में सोमवार की देर शाम को ग्राम प्रधान रविंदर और जोगिंदर पक्ष के बीच खेत में खड़े पेड़ को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कर दिया था। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे दोनों पक्ष धारदार हथियार लेकर फिर से आमने–सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच देखते ही देखते खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के आजाद, सेवाराम, छात्र सिंह, सुंदर, रविंदर, योगेश, राहुल, अंकित और जोगिंदर गंभीर रूप से घायल हो गए।

शासन में बैठक स्थगित होने से नाराज महासंघ रैली पर अमादा

देहरादून। शासन में बैठक के लिए बुला कर ऐन वक्त पर उसे स्थगित करने से राज्य कर्मचारी अधिकारी महासंघ नाराज है। महासंघ ने 30 सितंबर को महारैली निकालने का ऐलान किया है। महासंघ ने महंगाई भत्ता बढ़ाने के आदेश को भी कर्मचारी आंदोलन को प्रभावित करने वाला फैसला करार दिया। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि महंगाई भत्ता बढ़ा कर सरकार ने कर्मचारियों को झुनझुना थमाया है। कर्मचारी इससे संतुष्ट होने वाले नहीं हैं। डीए बढ़ा कर महासंघ की अन्य मांगों को ठंडे बस्ते में डालने वाला फैसला बताया। कहा कि संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। हजारों पद खाली होने के बावजूद वहां इन कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। न नियमितीकरण हो रहा है, न ही समान काम का समान मिल रहा है। नियमितीकरण के इंतजार में कर्मचारी रिटायर तक हो गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पन्त ने कहा कि शासन स्तर से लगातार निगम कर्मियों से सौतेला व्यवहार किया जाता है। डीए हो या सातवें वेतनमान के अनुरूप मकान किराया भत्ता, कर्मचारियों को कुछ भी समय पर नहीं मिलता। पदोन्नति में शिथिलता तक का लाभ नहीं दिया जा रहा है। बिना आंदोलन के निगम कर्मचारियों को कुछ भी नहीं दिया जाता। इसके विरोध में 30 सितंबर को देहरादून में निगम कर्मचारियों की ताकत का अहसास कराया जाएगा। बैठक में श्याम सिंह नेगी, राजेश रमोला, ओपी भट्ट, अनुराग नौटियाल, टीएस बिष्ट, शिशुपाल रावत, मनमौहन चौधरी, बीएस रावत, संदीप मल्होत्रा, रमेश बिंजौला मौजूद रहे।

झारखंड में एसएससी–सीजीएल नियुक्ति परीक्षा फिर विवादों में फंसी

रांची ,झारखंड में दो हजार से ज्यादा पदों पर नियुक्ति के लिए 21–22 सितंबर को आयोजित स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (जेएसएससी–सीजीएल) परीक्षा विवादों में फंस गई है। रीजनिंग और गणित के पेपर्स में कई सवाल पूर्व में रद्द हो चुकी परीक्षाओं के पेपर्स से हुबहू दोहराए गए हैं। अभ्यर्थियों का एक बड़ा समूह इसे साजिश बता रहा है। रांची और हजारीबाग सहित कई शहरों में इसे लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रश्नों को दोहराए जाने को कदाचार का मामला बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। विरोध कर रहे परीक्षार्थियों का दावा है कि रीजनिंग पेपर के 20 प्रश्नों में से 16 प्रश्न हूबहू वही हैं, जो 7 जून 2019 को आयोजित टियर–वन परीक्षा में पूछे गए थे। इसी तरह गणित के पेपर में भी 20 में से 16 प्रश्न वही हैं, जो 8 अगस्त 2022 को टियर–2 परीक्षा में पूछे गए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि एक तरीके से प्रश्न पत्र पहले से आउट थे।

पुलिसकर्मियों का वाहन खाई में गिरा

दो जवानों ने गवाई जान– एक घायल

कटरा , जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को रियासी जिले में एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में दो जवानों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, जवान चुनावी ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में एक वाहन के सडक़ से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना आज दोपहर (मंगलवार) माहोर इलाके के सुदूर टक्सन–अंगडी गांव के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने घटनास्थल से कॉन्स्टेबल ऐजाज खान और ड्राइवर जावेद अहमद के शव बरामद किए हैं। वहीं, वाहन को खाई से निकालने का कार्य जारी है। जम्मू–कश्मीर में दूसरे चरण के लिए बुधवार को मतदान होगा। इस दौरान केंद्रशासित प्रदेश की 26 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां कर भी ली गई हैं। केंद्रशासित प्रदेश में 3400 पोलिंग बूथ पर 13 हजार से अधिक कर्मचारी संभालेंगे मोर्चा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 239 प्रत्याशी मैदान में है। बता दें कि पहले चरण में (18 सितंबर) 24 सीटों पर मतदान हुआ था। अब दूसरे चरण में 26 सीटों पर चुनाव होगा। इसके बाद 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा।

विनय हत्याकांड : आरोपी जगन को क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

दिल्ली , । ग्रेटर नोएडा में हुए विनय हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था।दरअसल,17 अगस्त को पांच लोगों ने मिलकर विनय का पीछा कर उसे गोली मार दी थी। घटना के वक्त विनय और उसका भाई किसी काम से अपनी कार से जा रहे थे। इस मामले में केस दर्ज कर यूपी पुलिस ने एक आरोपी सुंदर नागर (38 साल) को गिरफ्तार किया था, जबकि तीन अन्य आरोपियों को दिल्ली के उत्तर जिला की विशेष टीम ने पकड़ा था। घटना में शामिल एक आरोपी जगन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी, वह गिरफ्तारी से बच रहा था। क्राइम ब्रांच की एनआर–2 टीम ने मैनुअल और तकनीकी निगरानी स्थापित की। इसके बाद उन्हें जानकारी मिली कि आरोपी जगन सुरक्षित ठिकाने की तलाश में रोहिणी आ सकता है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर संदीप तुषिर की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने रोहिणी के स्वर्ण जयंती पार्क के गेट नंबर–3 के पास से आरोपी जगन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने जगन के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ के दौरान जगन ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपी सुंदर उसका सगा भाई है, जो एक अपराधी है।

बालीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने बदरी-केदार के दर्शन किए





चमोली : बालीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने मंगलवार को पारिवारिक सदस्यों के साथ मंगलवार को बदरीनाथ और केदारनाथ के दर्शन किए। उनके साथ माता मीरा रौतेला तथा भाई यशराज रौतेला भी दर्शन को पहुंचे। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के दर्शन से वह अविभूत है। कोटद्वार उत्तराखंड की मूल निवासी वर्तमान में मुंबई में निवास कर रही बालीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सिंह साब द ग्रेट और सनम रे सहित कई फिल्मों तथा धारावाहिकों में अभिनय किया है। इससे पहले उन्होंने कई ब्यूटी कांटेस्ट के खिताब भी जीते है। अभी बालीवुड में उनकी अभिनय यात्रा जारी है। मंदिर में दर्शन पश्चात प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी ने उर्वशी रौतेला को भगवान बदरी विशाल का प्रसाद भेंट किया। उर्वशी ने बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार पर अपने प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवाए। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान वेदपाठी रविंद्र भट्ट, तीर्थ पुरोहित मौनू पंचभैया, जेई गिरीश रावत, डा. हरीश गौड़ अजीत भंडारी योगंबर नेगी, हरीश जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

सभी सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त करें : धामी

● सचिव, विभागाध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें ● जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की जाएं ● नगर निकायों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : सभी सड़कें 15 अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त की जाएं। राज्य में अतिवृष्टि से प्रभावित सभी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। सचिव, विभागाध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। जो कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाए। जो सड़कें अभी बंद हैं, उन्हें यथाशीघ्र सुचारू किया जाए। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सड़कों के स्थाई ट्रीटमेंट की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश मंगलवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में सभी स्थितियां सामान्य बनाई जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि जन सामान्य को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं का समाधान करें। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आंकलन कर मानकों के अनुसार क्षतिपूर्ति की जाए। सभी जिलाधिकारी अपने जिलों को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में कार्य करें। जिन गांवों से लोगों को विस्थापित करना है, विस्थापन की कार्यवाही भी जल्द की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नियमित जनपदों की विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल के बाद होने वाली जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जल जनित रोगों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था के साथ ही मरीजों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आंतरिक मार्गों की मरम्मत एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये हैं। बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलैश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, आर.सी अजय मिश्रा, संबंधित विभागों के अपर सचिव, विभागध्यक्ष एवं सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।

427.87 करोड़ की धनराशि हो चुकी आवंटित

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए कुल 427.87 करोड़ रूपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है। इसमें राज्य आपदा मोचन निधि से 386.87 करोड़ रूपये, राज्य सेक्टर न्यूनीकरण मद से 15 करोड़ और राज्य सेक्टर नॉन एसडीआरएफ मद से 26 करोड़ रूपये अवमुक्त किये गये हैं। राज्य आपदा मोचन निधि के पुर्स्थापना और पुनर्वास मद के लिए विभागों को 95 करोड़ की धनराशि और दी जा रही है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को 50 करोड़, पीएमजीएसवाई को 15 करोड़, पेयजल निगम को 20 करोड़ एवं यूपीसीएल को 10 करोड़ रूपये की धनराशि दी जा रही है।

स्पेशल काउंसिल बुलाने पर हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव का शपथपत्र मांगा



हल्द्वानी। विशेष मामलों की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट से स्पेशल काउंसिल बुलाने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सभी दस्तावेजों के साथ दो सप्ताह के भीतर मुख्य सचिव का शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में मंगलवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार द्वारा बिना न्याय विभाग की अनुमति लिए, शासनादेश के विरुद्ध जाकर हाईकोर्ट में कुछ विशेष मामलों में प्रभावी पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट से स्पेशल काउंसिल बुलाने और उन्हें प्रति सुनवाई 10 लाख रुपये दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कहा कि यह जनहित याचिका निरस्त करने योग्य है, इसमें जो पक्षकार बनाए हैं, वे वर्तमान में मुख्यमंत्री एवं मुख्य स्थायी अधिवक्ता हैं। महाधिवक्ता ने कहा इनका इस मामले से कोई लेना–देना नहीं है। ऐसे में जनहित याचिका से उनके नाम हटाकर इसे निरस्त किया जाए। इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता भुवन चंद्र पोखरिया ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि विपक्षियों को जनहित याचिका में इस लिए पक्षकार बनाया गया है क्योंकि इन्होंने स्पेशल काउंसिल नियुक्त करने के लिए न तो राज्य के मुख्य सचिव और न ही न्याय विभाग से अनुमति ली। एक केस में स्पेशल काउंसिल नियुक्त करने के बाद लाखों रुपये भुगतान भी कर दिया, जबकि जिस दिन केस सुनवाई के लिए लगा हुआ था उस दिन के कोर्ट के आदेश में उनका नाम नहीं छपा था।

जब तक हाईवे का काम पूरा नहीं, तब तक टोल टैक्स की वसूली नहीं : योगी

लखनऊ , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी दिनों में शारदीय नवरात्रि, दशहरा तथा दीपावली आदि त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश की सडक़ों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व और त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सडक़ पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। सडक़ों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। उन्होंने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सडक़ों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सडक़ें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सडक़ों की मरम्मत एवं ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए।

वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूर्ण न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली नहीं की जाए। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सडक़ों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सडक़ बनाने वाली एजेंसी या ठेकेदार सडक़ बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम–शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाए। सभी विभागों के पास सडक़ मरम्मत के लिए पर्याप्त उपकरण होने चाहिए और सडक़ों के पैच ठीक करने की कार्रवाई ऑटो मोड पर की जानी चाहिए।

एमपी में ट्रक ने ऑटो को रौंदा, 7 लोगों की दर्दनाक मौत

दमोह ,दमोह जिले में एक दिल दहलाने वाली सडक़ दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव के आगे बांदकपुर रोड पर हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रहे ऑटो को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में ऑटो में सवार 10 लोगों में से 7 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे। तभी पीछे से आ रहा एक ट्रक तेज रफ्तार में आया और ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से ट्रक में फंसे ऑटो से शव और घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे में मरने वालों में ऑटो चालक आलोक गुप्ता भी शामिल हैं। घायलों में गायत्री पति सिद्धू, रीता बाई पति राजेश और एक बच्चा शामिल हैं।

एस जयशंकर और बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार की न्यूयॉर्क में मुलाकात

न्यूयॉर्क , विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह नई दिल्ली और ढाका की अंतरिम सरकार के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। बता दें पिछले महीने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनी है। बैठक में दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को ह्यमजबूतह्ल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया और आपसी हितों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज शाम न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन के साथ बैठक हुई। बातचीत हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही। दोनों मंत्रियों की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग के समक्ष ह्यराजनयिक विरोधह्ल दर्ज कराया है। यह विरोध केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की झारखंड दौरे के दौरान बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में की गई हालिया टिप्पणियों को लेकर था। भारत, बांग्लादेश में पिछले महीने घटी राजनीतिक घटनाओं और हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बावजूद संबंधों को सामान्य बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन ढाका की अंतरिम सरकार पर पिछले कुछ हफ्तों में निराधार बयानबाजी करने का आरोप लगा है। पिछले महीने विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया था कि भारत जानबूझकर पड़ोसी देश में अधिक पानी प्रवाहित कर रहा है। सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के ह्यभविष्य के शिखर सम्मेलनह्ल से अलग प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच होने वाली बैठक के बारे में भी मीडिया में अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, नेताओं के आगमन और प्रस्थान के अलग–अलग समय के कारण यह बैठक नहीं हो पाई।

भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे, हमें तैयार रहने की जरूरत : राजनाथ

नई दिल्ली ,वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिल रहे हैं। समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है।

यहां तटरक्षक मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने आईसीजी को भारत का अग्रणी रक्षक बताया, जो निरंतर निगरानी के माध्यम से देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और आतंकवाद और हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करता है। तटरक्षक दल जिस बहादुरी और समर्पण के साथ संकट के समय में देश की सेवा करता है, उसकी सराहना करते हुए उन्होंने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने पोरबंदर के पास हाल ही में एक ऑपरेशन में अपनी जान गंवा दी। राजनाथ सिंह ने देश को आंतरिक आपदाओं से बचाने में भी आईसीजी के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने चक्रवात मिचौंग के बाद चेन्नई में तेल रिसाव के दौरान तटरक्षक दल की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। यहां तटरक्षक बल की सक्रियता से तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को एक बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।

रक्षा मंत्री ने आईसीजी को सबसे मजबूत तट रक्षकों में से एक बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने आज के अप्रत्याशित समय में उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी–उन्मुख बल बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सीमाओं पर अत्याधुनिक तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करती है।

चलती ट्रेन से आरपीएफ के दो सिपाहियों को फेंकने वाला बदमाश मुठभेड़ में ढेर

नोएडा ,यूपी–एसटीएफ की नोएडा यूनिट और गाजीपुर पुलिस ने बीती रात आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या में वांछित बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। आरोपी पर एक लाख रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था। मारा गया बदमाश, कुख्यात शराब तस्कर गैंग का सदस्य था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बाड़मेर–गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन में 19 अगस्त की रात में आरपीएफ के दो सिपाहियों जावेद खान और प्रमोद कुमार को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। इस घटना में उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि 23 सितंबर को गाजीपुर में दिलदारनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात यूपी–एसटीएफ की नोएडा यूनिट और जिला पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया है। वह आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या में वांछित था। मुठभेड़ में बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तिरुपति मंदिर में प्रसाद विवाद के बाद भी भक्तों की आस्था अटल

4 दिनों में बिक गए 14 लाख लड्डू

तिरुमाला , तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डुओं में जानवरों की चर्बी के कथित इस्तेमाल को लेकर उठा विवाद भले ही आंध्र प्रदेश की राजनीति में तूफान ला रहा हो, लेकिन भक्तों की श्रद्धा पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। मंदिर में लड्डुओं की बिक्री लगातार जारी है और पिछले चार दिनों में 14 लाख से अधिक लड्डू बिक चुके हैं। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम के अनुसार, 19 सितंबर से 22 सितंबर तक क्रमशः 3.59 लाख, 3.17 लाख, 3.67 लाख और 3.60 लाख लड्डू बिके हैं। यह संख्या प्रतिदिन औसतन 3.50 लाख लड्डुओं की बिक्री के आंकड़े के अनुरूप है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अनुसार, तिरुपति लड्डू में बंगाल चना, गाय का घी, चीनी, काजू, किशमिश और बादाम शामिल हैं। लड्डू बनाने में रोजाना 15,000 लीटर गाय का घी इस्तेमाल होता है। बता दें, यह विवाद तब शुरू हुआ जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंदिर में इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और दावा किया कि नमूनों में चर्बी और अन्य पशु वसा के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है।

सम्पादकीय

भ्रष्टाचार मुक्त शासकीय व्यवस्था

सरकारी कामों में पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सरकार के प्रयास रंग दिखने लगे हैं। आंकड़े खुद बताते हैं कि शिकायत मिलने के बाद सतर्कता अधिष्ठान द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई और कई ऐसे बड़े भ्रष्टाचारियों को बेनकाब भी किया गया जिन तक हाथ पहुंचना शायद संभव नहीं था। हालांकि अभी भी प्रदेश में भ्रष्टाचार पूर्ण रूप से समाप्त हो गया हो, ऐसा कहना अतिशयोक्ति होगी लेकिन इतना जरूर है कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर तो कहीं ना कहीं सरकारी विभागों में अब नजर आने लगा है। आंकड़े खुद बताते हैं कि धामी सरकार में विजिलेंस ने 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा है जिसमें सामान्य कर्मचारियों से लेकर उच्च पदों पर बैठे अधिकारी भी शामिल रहे हैं। स्वयं मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए बनाए गए एप की समीक्षा समय-समय पर करते हैं जिससे इसमें आने वाली शिकायतों का निराकरण भी विभाग द्वारा गंभीरता से किया जा रहा है। विजिलेंस को एप पर मिली करीब 973 शिकायतें, भ्रष्टाचार से जुड़ी 38 पर जांच चल रही है। महज तीन साल से कम समय में विजिलेंस ने रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर 68 भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा गया है। सरकार की ओर से बनाए गए एप की सार्थकता को इसी बात से आंका जा सकता है कि एप पर अब तक करीब उल्लेखनीय विजिलेंस और नॉन विजिलेंस की शिकायतों दर्ज हुई हैं। सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के दानवों से मुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार सख्त प्रशासक की भूमिका में कार्य कर रही है। सरकार की शासकीय नीति का सबसे सुखद पक्ष यह है कि मुख्यमंत्री धामी का साफ संदेश है कि भ्रष्टाचारी चाहिए बड़ा हो या छोटा, सब की जगह जेल में है। इस पर मुख्यमंत्री धामी सरकार ने आईएएस, आईएफएस समेत कई पॉवरफुल को जेल भेजकर पहले ही अपनी मंशा जगजाहिर कर दी थी। इसका परिणाम यह रहा कि 23 साल के उत्तराखंड में जहां भ्रष्टाचार से जुड़े 281 ट्रैप में कुल 303 गिरफ्तार हुए हैं। वहीं, अकेले धामी सरकार के तीन साल के कार्यकाल में रिकॉर्ड 57 ट्रैप कर विजिलेंस ने 68 भ्रष्टाचारियों को सलाखों के भीतर डाला है। विजिलेंस की इस कार्रवाई में 13 से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री धामी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने तेवरों को कम नहीं होने दिया। "भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड" की नीति पर चलते हुए धामी सरकार ने भ्रष्टाचारियों के मंसूबों पर पानी फेरने का पूरा प्रयास किया है लेकिन अभी भी कुछ छिपे हुए भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करना बाकी है और यह तभी संभव है जब ऐसे विभागों से संबंधित शिकायतों को सरकार तक पहुंचाया जाए। विभागीय भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के लिए सरकार की मंशा भी बेहद स्पष्ट है और विभाग को पूरी तरह से कार्य करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। पहले विभागों में कई बार लिखित शिकायतें खुद भी कर जाती थी लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था के बाद अब ऐसी करतूतें भी बीते दिनों की बातें हो गई। एक स्वस्थ और आधार सरकार के लिए यह जरूरी है कि शासकीय व्यवस्था पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त हो। पिछले कुछ समय में हुई तमाम कार्रवाइयों को देखकर तो अब जनता की भी उम्मीद है सरकार से बढ़ने लगी है और लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ सामने आने लगे हैं जो की एक अच्छी सरकार की निशानी है।

आयुष्मान भारतः भारत की स्वास्थ्य यात्रा में एक मील का पत्थर

जगत प्रकाश नड्डा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए।

पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच में क्रांति

आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है।

इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम

एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक

पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है। आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है।

अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं।

इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल्?याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

समग्र स्वास्थ्य सेवा

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक एएएम स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं।

ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है, और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्वस्थ भारत का सपना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है।अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ निष्क्रीय और खोखले

ओमप्रकाश मेहता

भारत की आजादी की हीरक जयंति' मनाने के बाद आज के हालातों को देखकर यह सहज ही महसूस होता है कि प्रजातंत्र की परिभाषा के चार अंगों से तीन अंग करीब-करीब निष्क्रीय हो चुके है और अब केवल और केवल न्यायपालिका ही प्रजातंत्र का मुख्य आधार स्तंभ बन गया है, जिस पर देश की जनता को आज भी पूरा भरोसा है, शेष तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अपने मूल अस्तित्व खो चुके है और समय के साथ आज की गैर प्रजातंत्री बाढ़ के साथ बहने लगे है। सिर्फ न्यायपालिका ही है जो प्रजातंत्र की हर जरूरत पूर कर रही है और उसकी मर्यादा रख रही है।

मेरी इस धारणा का ताजा उदाहरण पिछले दिनों उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री जी सवीच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के निवास पर गणेशोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए और महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल शिवसेना (उद्धव) ने इस परिदृष्य पर अनाप-शनाप टिप्पणियां की और उनके प्रवक्ता ने तो यहां तक कह दिया कि- मोदी सरकार के खिलाफ सवीच्च न्यायालय में उनके द्वारा दायर मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न करें तथा उसे किसी दूसरे न्यायाधीश

अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सवीच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सवीच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णतः सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है,

को सौंप दे'', क्योंकि इस परिदृष्य को देखकर उन्हें उचित न्याय की उम्मीद नही रह गई है, किंतु सवीच्च न्यायालय ने दूसरे दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानती मामले में मोदी सरकार पर जो पूर्वाग्रह पूर्वक काम करने की टिप्पणियां की, उसने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्तिगत सम्बंध न्याय की गरिमा में बाधक नही बन सकते और भारतीय प्रजातंत्र में आज न्यायपालिका ही सवीपरी है, जो अपने धर्म व कर्तव्य का निर्वहन बड़ी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही है और न्यायपालिका ने ही प्रजातंत्र को देश में अब तक जीवित रखा हुआ है।

अरविंद केजरीवाल की जमानत वाले प्रकरण में सवीच्च न्यायालय ने टिप्पणियां की वे भारतीय न्याय व्यवस्था को शिखर पर बैढ़ाने वाली है, इन टिप्पणियों में भारत की मुख्य सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई (केन्द्रीय जांच संगठन) की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी टिप्पणियां की गई है और सवीच्च न्यायालय की ये टिप्पणियां स्पष्ट करती है कि- सीबीआई निष्पक्ष नही है तथा वह पूर्णतः सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार में विराजित राजनेताओं के राजनीतिक मकसदों की पूर्ति करती है, इस फैसले में उक्त सरकारी जांच एजेंसी सीबीआई पर अनेक सवाल खड़े किए गए है, खास करके एक न्यायाधीश की यह टिप्पणी कि- सीबीआई को अपने को, पिंजरें के तोते वाली छवि से मुक्त करना चाहिए।''

यह एक तथाकथित निष्पक्ष एजेंसी के लिए सबसे बड़ा आघात है। साथ ही सवीच्च न्यायालय का यह सवाल भी काफी महत्व रखता है कि- केजरीवाल को तब गिरफ्तार क्यों किया गया जब उन्हें ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी?'' अब यदि इस सवाल के चलते आम आदमी पार्टी के नेता सीबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे है तो उन्हें गलत कैसे कहा जा सकता है? और सबसे बड़ी बात यह है कि यह पहली बार नही है, जब सीबीआई को सवीच्च न्यायालय से यह सुनना पड़ा हो कि यह सरकार प्रभाव व दबाव में काम कर रही है, इसके पहले मनमोहन सरकार के समय कोयला खदान आवंटन में घोटाले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे का तोता'' कहा था और यहां सबसे बड़ी खेद की बात यह है कि सीबीआई ने इतनी सख्त टिप्पणियों के बाद भी इस कथित छवि से बाहर आने की कौशिश भी नही की।

यह अकेला ही उदाहरण नहीं है जब न्यायपालिका ने अपने आपकी निष्पक्ष छवि को प्रदर्शित किया है, इसके पहले भी अनेक प्रकरणों में सरकार को कटघरे में खड़ा कर अपनी निष्पक्षता प्रस्तुत की है, यद्यपि यह भी एक कटु सत्य है कि मोदी सरकार ने न्यायपालिका को अपने कब्जे में रखने के अनेक असफल प्रयास किए किंतु न्यायपालिका ने अनेक दबावों के बावजूद आज तक अपनी निष्पक्ष छवि बरकरार रखी है, जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। इसीलिए यह कहना पड़ रहा है कि प्रजातंत्र के अन्य तीन स्तंभ खोखले हो चुके है, सिर्फ न्याय स्तंभ ही है, जिस पर आज के प्रजातंत्र का महल मजबूती से खड़ा है।

केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह

अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है। दिल्ली में जल्द ही राष्ट्रपति शासन लगने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

अरविंद केजरीवाल लंबे समय से केंद्र सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की आंख में कांटा है। उनसे मुक्ति पाने के लिए भाजपा ने कई बार जोर लगाया, लेकिन अब तक नाकाम रही है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी ने आम आदमी पार्टी को हराने की कोशिश में अपनी पूरी ताकत लगाई थी। लेकिन अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल और आ.आ.पा. को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है। भाजपा पिछले कई महीनों से कहती आ रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े आरोपों के चलते जेल में होने के बावजूद इस्तीफा नहीं दे रहे हैं, जिससे दिल्ली में संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। अगस्त में दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें एक चिट्ठी सौंपी। इसमें मांग की गई कि संवैधानिक संकट' को देखते हुए दिल्ली सरकार को बर्खास्त किया जाए और राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति ने इस मामले पर कार्रवाई के लिए विधायकों की चिट्ठी केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी है। तब से सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में वाकई राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाएगा। राष्ट्रपति शासन संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत लगाया जाता है। इस अनुच्छेद के मुताबिक राष्ट्रपति इस बात से आश्वस्त हों कि किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र भंग हो चुका है, तो वे वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं। अनुच्छेद 356 केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू नहीं होता है। इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए संविधान में भाग 239-एबी के तहत अलग प्रावधान है। दिल्ली में पिछली बार राष्ट्रपति शासन फरवरी 2014 में लगाया गया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में लोकपाल बिल पेश ना कर पाने की वजह से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन वो अलग परिस्थिति थी। इस बार केंद्र ने ऐसा किया, तो इसे राजनीतिक कारणों से उठाया गया कदम माना जाएगा। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र पांच महीने का और सब्र दिखाए।

विजय एंटनी की एक्शन थ्रिलर हिटलर का ट्रेलर जारी, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



अपनी विविधतापूर्ण फिल्मों से दक्षिण के दर्शकों को प्रभावित करने के लिए मशहूर हीरो विजय एंटनी अपनी नई फिल्म हिटलर के साथ स्क्रीन पर आने के लिए तैयार हैं। चेंडूर फिल्म इंटरनेशनल, जिसने पहले विजय राघवन का निर्माण किया था, अब अपनी सातवीं परियोजना के रूप में हिटलर का निर्माण कर रहा है, जिसके निर्माता डी.टी. राजा और डी.आर. संजय कुमार हैं। धना द्वारा निर्देशित हिटलर एक आकर्षक एक्शन थ्रिलर कहानी का वादा करती है और इस महीने की 27 तारीख को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में एक भव्य नाट्य रिलीज के लिए तैयार है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, निर्माताओं ने हिटलर का ट्रेलर जारी किया है और यह एक आकर्षक एक्शन ड्रामा का वादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत एक दमदार डायलॉग से होती है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया में सत्ता का ही असली प्रभाव होता है। इसमें विजय एंटनी को दिखाया गया है, जो पुलिस द्वारा इस चालाक अपराधी की तलाश में पकड़े जाने से बचते हुए, विभिन्न भेषों में तीन लक्ष्यों को कुशलता से मार गिराता है। तीव्र एक्शन दृश्यों के अलावा, ट्रेलर में नायक और उसकी प्रेमिका रिया सुमन द्वारा निभाई गई भूमिका के बीच रोमांटिक सबप्लॉट का भी खुलासा किया गया है। ट्रेलर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है। यह होनहार निर्देशक की ट्विस्ट और टर्न से भरी फिल्म होने जा रही है।

हमें पंत को शांत रखना होगाः पैट कमिंस

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की खेल को संभालने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 26 वर्षीय बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 22 नवंबर से शुरू होगी। इस सीरीज़ में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे। भारत पिछले चार लगातार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने में सक्षम रहा, जिसमें 2018-19 और 2020-21 में उनकी प्रसिद्ध सीरीज़ जीत शामिल है, जहां पंत ने गाबा में नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के अपराजित क्रम को उनके गढ़ में समाप्त करते हुए शानदार जीत हासिल की।

लक्ष्मी, पोलोसाक आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों में शामिल

दुबई, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को घोषणा की कि दस अंपायर और तीन मैच रेफरी 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में बांग्लादेश द्वारा आयोजित आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण में अंपायरिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

अंपायरों के अनुभवी समूह में क्लेयर पोलोसाक सहित अनुभवी अधिकारी शामिल हैं, जो अपने पांचवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी, जबकि किम कॉटन और जैकलीन विलियम्स पिछले फरवरी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अंतिम चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच केप टाउन में फाइनल की जिम्मेदारी संभालने के बाद अपने चौथे विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी।

सू रेडफर्न, जो उस फाइनल के लिए टीवी अंपायर थीं, टूर्नामेंट में अपनी चौथी उपस्थिति के लिए भी वापस आ गई हैं। स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, जिम्बाब्वे की सारा डंबनेवाना अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

मैच रेफरी की टीम में भारत की जीएस लक्ष्मी शामिल हैं, जिन्होंने 2012 में अपना पहला टी20 मैच रेफरी किया था और 2023 में फाइनल की देखरेख की थी। उनके साथ शैंड्रे फ्रिट्ज़ और मिशेल पेरेरा भी हैं, जो अपने दूसरे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग कर रही हैं।

आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक - अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी ने कहाः आईसीसी को हमारे खेल में महिलाओं की उन्नति में योगदान देने पर गर्व है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मैच अधिकारियों की इस पूरी तरह से महिला लाइनअप की घोषणा करना अद्भुत है। द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट मैचों में अपने हालिया प्रदर्शन के आधार पर इस आयोजन के लिए सबसे योग्य अंपायरों के रूप में चुने गए इस समूह में दुनिया भर के कुछ बेहतरीन अंपायर शामिल हैं।

रिलीज से पहले कमल हासन की ठग लाइफ ने की 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई

साउथ सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म का नाम ठग लाइफ है. इन दिनों कमल हासन उसी की शूटिंग में व्यस्त हैं और ये फिल्म इसी साल नवंबर या दिसंबर में रिलीज हो सकती है. फिलहाल ठग लाइफ कब रिलीज होगी ये तो नहीं पता लेकिन इस फिल्म ने रिलीज से पहले एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है, ऐसी खबरें खूब सुर्खियों में है.जी हां, कमल हासन की आने वाली फिल्म ठग लाइफ के डिजिटल राइट्स की कीमत बहुत ज्यादा है जिसे अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा है. चलिए ठग लाइफ के डिजिटल राइट्स की कीमत पर डिटेल्स में बताते हैं.रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमल हासन की आने वाली फिल्म ठग लाइफ की ओटीटी डील पक्की हो गई है. फिल्म के ओटीटी राइट्स 149.7 करोड़ में बिके हैं और ये रिकॉर्ड ब्रेकिंग डील है जब किसी तमिल फिल्म की ओटीटी राइट्स के लिए इतनी बड़ी डील लॉक हुई है. अभी ये बात साफ नहीं है कि फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी लेकिन फैंस इसके लिए एक्साइटेड हैं. ठग लाइफ की रिलीज डेट भी अभी सामने नहीं आई है और इसके कंफर्मेशन के लिए अभी आपको इंतजार करना होगा.मणि रत्नम के निर्देशन में बन रही फिल्म ठग लाइफ को राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, रेड गेंट मूवीज और मद्रास टॉकीज बैनर तले बनाया जा रहा है. फिल्म में ए आर रहमान का म्यूजिक होगा और लीड एक्टर कमल हासन हैं. फिल्म ठग लाइफ में कमल हासन के अलावा ऐश्वर्या लक्ष्मी, त्रिषा कृष्णन, जयम रवि, पंकज त्रिपाठी, जोजू जॉर्ज और सलमान दुलकीर जैसे कलाकार नजर आएंगे.बता दें, कमल हासन की पिछली रिलीज फिल्म इंडियन 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई. लेकिन उनकी एक और फिल्म कल्किः 2898 एडी भी इसी साल आई जो सुपरहिट रही. इस फिल्म में कमल हासन का निगेटिव रोल था लेकिन उनके काम की हमेशा की तरह तारीफ हुई.

बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग के बाद धमाड़ हुई सिद्धांत की फिल्म युध्रा

राघव जुयाल, सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन की फिल्म युध्रा ने ओपनिंग डे पर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरे दिन इसमें बड़ी गिरावट देखी गई. शुक्रवार को फिल्म ने जहां 4 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किए, वहीं शनिवार को इसके कलेक्शन का ग्राफ गिर गया. शुक्रवार को युध्रा को नेशनल सिनेमा डे का फायदा मिला, क्योंकि इस दिन देश के सभी सिनेमाघरों में सभी फिल्म के टिकट 99 रुपये थे. इससे फिल्म के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, युध्रा ने पहले दिन 4.50 करोड़ रुपये कमाए. जबकि दूसरे दिन, इसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1.50 करोड़ की कमाई की.

मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं हैः धवल कुलकर्णी

जोधपुर, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें देश के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का कोई अफसोस नहीं है और वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए अपने पांच रणजी ट्रॉफी खिताब से संतुष्ट हैं।

कुलकर्णी, जिन्होंने 2014 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया था, ने देश के लिए 12 वनडे मैच और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 22 विकेट लिए। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को अपने प्रभावशाली घरेलू करियर के बावजूद कभी भी टेस्ट क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला। 96 प्रथम श्रेणी मैचों में, उन्होंने मुंबई के लिए 27.11 की औसत से 285 विकेट लिए, जिसमें 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। अनुभवी गेंदबाज ने बताया कि उनके समय में भारतीय टीम में भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, उमेश यादव और इशांत शर्मा जैसे अच्छे तेज गेंदबाज थे, जिससे टीम में उनके मौके कम हो गए। कुलकर्णी ने कहा, मेरे समय

में भारतीय टीम में तेज गेंदबाज थे जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और इसी वजह से मैं टेस्ट नहीं खेल पाया। मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मैंने जब भी भारत के लिए खेला, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मैं इससे संतुष्ट हूं। मैंने मुंबई के साथ पांच रणजी खिताब जीते हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है और मैं इससे बहुत खुश हूं। दिग्गज एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बीच नेतृत्व कौशल में अंतर के बारे में पूछे जाने पर,

एक नजर

डामरीकरण के लिए सात गांवों के लोगों ने किया प्रदर्शन

चमोली : कपीरी पट्टी में खतियाड़ी से गाड़गंगा जोड़ तक सड़क पर डामरीकरण व नाली निर्माण की मांग को लेकर कालूसैंण संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने मंगलवार को कर्णप्रयाग में जुलूस निकाला। गुस्साएं लोगों ने कहा कि उनके गांव की सड़क को बने 13 साल से अधिक समय बीत गया है। लेकिन लोनिवि अभी तक डामरीकरण नहीं कर पाया है। ऐसे में लोग खौफ के साए में सड़क पर सफर करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। मंगलवार को कालूसैंण संघर्ष समिति के बैनर तले कपीरी क्षेत्र के सुणांई, सेरागाड़, ह्यूणा, थग्याला, फाला, पाडली और खत्याड़ी के करीब 200 से अधिक लोग 30 किलोमीटर दूर से वाहनों में कर्णप्रयाग पहुंचे। उसके बाद ग्रामीण नारेबाजी करते हुए उमा देवी मंदिर परिसर से बस स्टेशन व अपर बाजार होते हुए तहसील में पहुंचे। वहां ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। गुस्साएं लोगों ने कहा कि ग्रामीणों के अथाह प्रयासों के बाद खत्याड़ी से आमसौड़ तक सड़क का निर्माण हुआ। लेकिन एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी सड़क पर डामर नहीं हो पाया है। सड़क कई जगह संकरी है और गड्ढे हो रखे हैं। नालियां न होने से बरसात का पानी सड़क पर बह रहा है और कीचड़ में वाहन फंस रहे हैं। (एजेंसी)

स्वच्छता रैली निकालकर दिया संदेश

चमोली : जिला मुख्यालय गोपेश्वर में कलेक्ट्रेट से बस स्टेशन तक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने रैली में शामिल नागरिकों, छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। गोपेश्वर बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत, कविता तथा झुमैलो नृत्य किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, पीडी आनन्द सिंह, ईओ प्रीतम सिंह तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति मिलेगी आपदा प्रबंधन सचिव से

चमोली : जोशीमठ में भू धंसाव एवं कटाव की आपदा को 21 महीनो का समय बीत चुका है। परंतु अभी तक नगर में सुरक्षात्मक कार्य, लोगों के पुनर्वास एवं विस्थापन की कार्रवाई तक शुरू नहीं हो पाई है। वहीं इस बरसात के बाद नगर के लोनिवि के नीचे और अलकनन्दा के द्वारा नगर की तलहटी में कटाव बढ़ गया है, वहीं नगर के विभिन्न भागों में अभी भी दरारें आने का सिलसिला लगातार जारी है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। आपदा के 21 महीने बीतने के बाद भी नगर के सुरक्षात्मक कार्य शुरू नहीं होने से गुस्साई जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति बुधवार को आपदा प्रबंधन सचिव से देहरादून में मुलाकात करने के लिए जोशीमठ से रवाना हो गई है। समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, संयोजक अतुल सती ने बताया कि जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल 25 सितंबर को आपदा प्रबंधन सचिव से मुलाकात करेगा और उन सभी मुद्दों पर बातचीत की जाएगी। जिन पर अप्रैल 2023 में मुख्यमंत्री के साथ आंदोलन के दौरान सहमति बनी थी। (एजेंसी)

पुल की एप्रोच दीवार क्षतिग्रस्त, बड़े वाहनों की आवाजाही बाधित

चमोली : बूंगीधार-मेहलचौरी-बच्छुवाबाण(बीएमबी)मोटर मार्ग पर किमी 12 से पीएमजीएसवाई योजना से बनी लगभग 5 किलोमीटर मोटर मार्ग पर वर्तमान में पुल की एप्रोच वॉल क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है। जिससे ग्रामीणों को निर्माण सामग्री आदि ले जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021-22 में इस मोटर मार्ग पर 343.04 लाख की लागत से रामगंगा नदी में 48 मीटर स्पान का पुल बनाया गया था। बीती लेकिन गत 31 जुलाई को भारी बारिश में उपरांत पुल की एक साइड एप्रोच दीवाल का कुछ हिस्सा ढह गया। जिससें मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही है। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता प्रमोद गंगाडी का कहना है कि क्षतिग्रस्त एप्रोच दीवार का निर्माण सेतु बनाने वाली संस्था का है। राज्य आंदोलनकारी कुंवर सिंह नेगी और पूर्व प्रधान कौलानी दयानंद जोशी का कहना है ।

कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर ठेकेदारों ने किया फायर

मंगलवार सुबह कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग को किया बाधित

कोतवाली पुलिस की हिरासत में ठेकेदार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित कर रहे दो ठेकेदारों का जब यात्रियों ने विरोध किया तो उन्होंने अपनी पिस्टल से फायर झोंक दिए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों ठेकेदारों को पकड़कर कोतवाली ले आई और उनके पास से एक पिस्टल के साथ ही चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए।

ठेकेदारों ने राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने का कारण विभाग की ओर से भुगतान नहीं करना बताया। घटना मंगलवार सुबह चार बजे की है। कोटद्वार से करीब पांच किलोमीटर आगे बरसाती रपटे के समीप दो ठेकेदार पोकलैंड मीशन को राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेकर आए और पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। राष्ट्रीय राजमार्ग से आवागमन कर रहे यात्रियों ने जब इसका विरोध किया तो उल्टा ठेकेदार यात्रियों के साथ ही अभद्रता करने लगे। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची तो एक ठेकेदार यात्रियों की ओर अपनी पिस्टर लेकर खड़ा था और दूसरा हाईवे को बाधित कर रहा था। ठेकेदार ने यात्रियों की ओर हवा में फायर भी झोंका। इसके बाद दुगड्डा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने दोनों ठेकेदारों को पकड़ा और उन्हें कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि पिस्टल पकड़े व्यक्ति ने स्वयं को उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के अंतर्गत प्रेमपुरी निवासी अक्षय कुमार पुत्र ओमवीर सिंह बताया। जबकि दूसरे व्यक्ति ने मथुरा के अंतर्गत पटलोई–सिरखेड़ा निवासी तरूण कुमार पुत्र श्यामलाल यादव बताया। पुलिस ने पिस्टल व चार जिंदा कारतूस बरामद किए। दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने राष्ट्रीयश राजमार्ग पर ठेकेदारी का कार्य किया था। लेकिन, विभाग की ओर से उनका भुगतान नहीं किया गया है।

रावण ने किया सीता का हरण

रामलीला में मंचन करते कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बेलाडाट में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता हरण का मंचन किया गया। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

श्री बद्री-केदार रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला के तीसरे दिन का शुभारंभ मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचन में दिखाया गया कि सोने का मृग देख सीता ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने मृग का पीछा किया। मायारूपी मृग भगवान राम को जंगल की ओर दूर लेकर चला गया। हाय राम-हाय राम की आवाज सुन सीता जी परेशान हो गईं। कहा कि मेरे राम संकट में हैं, उनकी मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण ने जाते समय उन्होंने कुटी के चारों ओर तीर से रेखा खींच दी और माता सीता से उसके पार न जाने को कहा। लक्ष्मण के जाते ही रावण संत का वेश में पहुंचा और भिक्षा के बहाने उनका हरण कर लिया। इस मौके पर गुलाब सिंह, संतोष ध्यानी, शिवांगी घिल्डियाल, राजे सिंह आर्य, कल्पना मझेड़ा, जीतू मस्ताना, दिनेश रावत, सुदीप बैंठियाल, लोकेश थपलियाल, सुशील चौधरी, रोशन बिष्ट, विनोद आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया रासेयो का स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी विकासखंड के अंतर्गत पूर्व खंड विकास कार्यालय में चल रहे राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य केबी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में संपन्न किया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। वहीं रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सभी छात्र और छात्राओं को पीएलवी जगमोहन डांगी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। साथ ही विधिक सेवाओं के तहत विधिक साक्षरता एवं गतविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजीव कनौजिया, डॉ. शोभा रावत, डॉ .नीलम, डॉ. निशा चौहान, डॉ. मनीषा रावत, नंदकिशोर, मुकेश आदि मौजूद रहे।

सुखरौ देवी मंदिर के चुनाव पर की चर्चा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री सिद्धपीठ सुखरौ देवी मंदिर की चुनाव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर समिति की सामान्य कार्यकारिणी एवं प्रबंध कार्यकारिणी के 29 सितंबर को होने वाले चुनाव पर मंथन किया गया। तय किया गया कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी नामांकन के दौरान अपनी–अपनी श्रेणी से एक प्रस्तावक और एक अनुमोदक के हस्ताक्षर नामांकन पत्र में करवायेंगे जो किसी अन्य अभ्यर्थी के प्रस्ताव व अनुमोदक न हों और न ही चुनाव लड़ रहे हों।

अभ्यर्थियों को नामांकन के समय घोषणा पत्र भी जमा करना होगा। दो अभ्यर्थियों के बराबर मत होने पर पर्ची के माध्यम से विजेता का चुनाव किया जायेगा। बैठक में अधिवक्ता अमित सजवाण, अनिल खंतवाल, शरत चंद्र गुप्ता, मायाराम पुरोहित और डा. चंद्रमोहन सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

122 विद्यार्थियों की हुई स्वास्थ्य जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के जयदेवपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग दुगड्डा की ओर से एनीमिया मुक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 122 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में छात्रों को एनीमिया के कारण और बचाव को लेकर जागरूक किया गया। डॉ. अजय रयाल ने बच्चों को एनीमिया और डॉ. योगिता कोठियाल ने डेंगू के लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। कहा कि हमें अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई रखनी चाहिए और पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। शरीर में प्रतिकूल लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। वहीं, विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज धोबीघाट में भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में 84 बच्चों के स्वास्थ परीक्षण के स्वास्थ परीक्षण के साथ ही हिमोग्लोबिन की जाँच भी की गयी। डॉ. योगिता कोठियाल ने डेंगू के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर फार्मासिस्ट पूजा असवाल ने विद्यालय के छात्रों की हिमोग्लोबिन की जाँच की। स्वास्थ्य परीक्षण के अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुकरेती व विद्यालय के अन्य शिक्षक जितेंद्र समशेर जंग, दिगम्बर सिंह बिष्ट, संतोष कुमार, गौरव रावत, तनुज वर्मा, विनीता सेमवाल, जयदीप सिंह आदि शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आयोजित शिविर में छात्रों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्साकर्मी

बोर्ड परीक्षा की अव्वल छात्रा नंदनी को किया सम्मानित

छात्रा को सम्मानित करते अतिथि

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय मध्य कमान की ओर से आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन की छात्रा नंदनी गुप्ता को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया।

2023-24 की बोर्ड परीक्षा में छात्रा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा व जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। लेफ्टिनेंट नरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान के द्वारा छात्रा को सम्मानित किया गया। साथ ही लिखित प्रशंसा पत्र स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी द्वारा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त ए डब्ल्यू ई एस, मध्य कमान द्वारा दस हजार रूपए की धनराशि एवं पांच हजार रूपए की ज्ञानवर्धक पुस्तकें छात्रा को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदान की गई। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर स्कूल मैनेजमेंट के द्वारा भी नंदनी गुप्ता को पांच हजार रुपए की धनराशि दी गई। ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, कमांडेंट जीआरआरसी ने कहा कि नंदनी गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए छात्रा को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। नंदनी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल और अपने अभिभावकों को प्रेषित किया। इस मौके पर रेखा नेगी, अध्यक्षा एफडबल्यूओ, कर्नल प्रणव जोशी, प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत महिला हितैषी थीम आधारित दो दिवसीय पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम जन चेतना केंद्र सामाजिक संस्थान की ओर से खंड विकास स्तरीय क्षमता प्रशिक्षण कल्जीखाल ब्लॉक के सभागार में शुरू किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा ने किया।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर राजपाल बिष्ट, सुरेश बलोदी, श्रीमती अंजना बिष्ट ने अलग सत्रों में महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर गांव में बाल हितैषी एवं महिला हितैषी का गठन, गठन का उद्देश्य और उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पंचायत राज में महिलाओं की भागीदारी, महिला सभा, बाल सभा के बारे में बताया। उन्होंने जीपीडीपी के तहत योजनाओ प्रस्ताव क्रियान्वन एवं अन्य संसाधनों के उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन : लैंसडौन होटल एसोसिएशन की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। नई कार्यकारणी में अजय सतीजा को अध्यक्ष और तुषार अग्रवाल को सचिव चुना गया। बैठक में लैंसडौन में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा की गई। जबकि होटल एसोसिएशन से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता से करने की बात कही गई। इस मौके पर नवनियुक्त कार्यकारणी ने होटल एसोसिएशन की समस्याओं का निस्तारण करने के साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मंगलवार को पर्यटन नगरी में लैंसडौन होटल एसोसिएशन की नई कार्यकारणी गठित की गई। अजय सतीजा को अध्यक्ष चुनने के अलावा रचित एलाहबादी को उपाध्यक्ष, तुषार अग्रवाल को सचिव, अजय शंकर ढौढ़ियाल को संयुक्त सचिव, अशोक सबलोक को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

पर्यावरण मित्रों ने दी कार्यबहिष्कार की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने 11 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर 27 सितंबर से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। मंगलवार को मांगों के निस्तारण करने के लिए अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ नगर आयुक्त नुपूर वर्मा को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि ईपीएफ का भुगतान किए जाने, पर्यावरण मित्रों को एनपीएस का भुगतान किए जाने, मृत आश्रित पेंशन अतिशीघ्र किए जाने, एरियर का भुगतान किए जाने, नगर निगम में क्षेत्रफल व जनसंख्या के आधार पर पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर मजदूर संघ लम्बे समय से मांग करता आ रहा है, लेकिन अभी तक नगर निगम के अधिकारी मांगों को अनसूना कर रहें है। कहा कि यदि दो दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो पर्यावरण मित्र कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर होगें। (एजेंसी)

1 अक्टूबर को कर्मचारी मनायेंगें काला दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 01 अक्टूबर को उत्तराखंड में लागू हुए एनपीएस रूपी काले कानून के विरोध में कामचारी पूरे प्रदेश में काला दिवस मनायेंगे।

इस दिन समस्त कर्मचारी बांह पर काली पट्टी या काले कपड़े, मास्क आदि पहनकर एनपीएस का विरोध करेंगे। साथ ही सभी रात को 08 बजे अपने घरों की लाइट एक घंटे बंद रखेगें और एक दिया ओपीएस के नाम जलाएंगे। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय प्रभारी विक्रम सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष जयदीप सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज अवस्थी और महिला मोर्चा की अध्यक्षा बबीता रानी ने संयुक्त बयान में कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा और 36 संगठनों के ज्वाइंट फ्रंट ने सपष्ट किया है कि जब यूपीएस का गजट नोटिफिकेशन जारी होगा उसके पश्चात उसका विश्लेषण कर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उत्तराखंड में प्रदेश स्तर पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर लगातार संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश महामंत्री सीता राम पोखरियाल ने कहा कि मोर्चा उत्तराखंड में लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहा है और आगे भी पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।

15 घंटे बाद नीती बार्डर हाईवे खुला

चमोली : नीती मलारी बार्डर हाईवे जो सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे पहाड़ी टूटने के कारण रैंणी में बंद हो गया था उसे बीआरओ की टीम ने भारी मशक्कत के बाद मंगलवार दोपहर तीन बजे वाहनों की अवाजाही के लिए वैकल्पिक रूप से सुचारू कर दिया है।

अभी भी यहां पर सड़क काफी उबड़ खाबड़ बनी हुई है जिसे सुरक्षा के दृष्टि से ठीक किया जाना आवश्यक है। बता दें कि सोमवार को दोपहर 12 बजे लगभग नीती मलारी बार्डर हाईवे रैंणी के निकट पहाड़ी का एक बडा भाग टूटने के कारण बंद हो गया था जिसके बाद अग्रिम चौकियों में स्थित सैन्य छावनियों समेत सरहद से लगे 17 गांवों की आवाजाही बंद हो गई थी।

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लगाई दौड़

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : स्वच्छता सेवा कार्यक्रम के तहत शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए विद्यार्थियों ने नगर निगम के साथ मिलकर दौड़ लगाई। इस दौरान आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

सुबह करीब छह बजे सिद्धबली धाम मंदिर से बदरीनाथ रोड मालवीय उद्यान तक स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने विद्यार्थियों व आमजन को स्वच्छता के बारे में बताया। कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करें। कहा कि दो अक्टूबर तक नगर निगम स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें विद्यार्थियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। विशिष्ट अतिथि बीएस नेगी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों तक स्वच्छता का संदेश देना चाहिए। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, सरिता चौहान, हर्षित शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता के लिए दौड़ लगाते विद्यार्थी

स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश

विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलते स्वयं सेवी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को आमजन से कूड़ा सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फेंकने की अपील की।

आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना हुई थी।

आज यह संगठन समाज में रचनात्मक आंदोलन का जीवंत प्रतीक बन कर खड़ा है। प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नई पीढ़ी देश के प्रति अपने दायित्व को समझ रही है। डा. पदमेश बुड़ाकोटी ने कहा कि स्वच्छता के कार्य हों या सामाजिक-सांस्कृतिक क्रियाकलाप एनएनएस के स्वयंसेवी सब जगह अग्रणी हैं। कार्यक्रम अधिकारी भारत सिंह नेगी ने छात्र--को एनएनएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर नागेंद्र सिंह चौहान, मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।

डीएम ने ली जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि प्रबंधन समिति की बैठक

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कुल 181.18 लाख के 14 प्रस्ताव स्वीकृति किए गए। बैठक में 181.18 लाख धनराशि के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रबंधन समिति की ओर से खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये उच्च प्राथमिकता वाले 108.71 लाख के 7 तथा अन्य 72.47 लाख के 7 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिले के सभी विभागों को खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित कार्यों को समिति के माध्यम से साइट सलेक्शन, तकनीकी परीक्षण और सर्वेक्षण के बाद आंगणन और फोटोग्राफ सहित प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

एक नजर

सीएचसी में सांप दिखने से मचा हड़कंप

नई टिहरी : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ के स्टोर रूम में सांप दिखने से अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। सीएचसी थत्यूड़ में मंगलवार को एक्सरे टेक्नीशियन मुकेश गुसाईं जैसे ही स्टोर रूम में गए तो उन्हें वहां सांप दिखाई दिया। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अस्पताल की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को रेसक्यू कर जंगल में छोड़ दिया। सीएचसी थत्यूड़ के प्रभारी डॉ. मनीषा भारती ने बताया कि सांप दिखने से अफरातफरी मच गई थी। रेसक्यू के बाद सभी कर्मचारियों को राहत मिली। जौनपुर के रेंज अधिकारी लाखीराम आर्य ने बताया कि यह पहाड़ी इलाके में पाया जाने वाला कृत प्रजाति का सांप है। जिसकी लंबाई करीब डेढ़ से दो मीटर है। सांप को रेस्क्यू कर दूर जंगल में छोड़ दिया गया है। (एजेंसी)

स्वयंसेवियों को एनएसएस के लक्ष्य के बारे में बताया

नई टिहरी : राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस शिक्षण संस्थाओं धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों को एनएसएस का लक्ष्य और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए देश हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। मंगलवार को पीजी कॉलेज नई टिहरी में प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी की देखरेख में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश सेमवाल ने एनएसएस के जनक डॉ. आरवी राव के बारे में अवगत कराया। कराते हुए कहा कि इसकी स्थापना 24 सितंबर 1969 में 37 विश्वविद्यालयों से प्रारंभ की गई थी। जिसमें 40 हजार स्वयं सेवियों को शामिल किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा डोभाल, दिव्यम नेगी, अनिल नेगी, प्रो. डीपीएस भंडारी, डॉ. विजय सिंह नेगी, डॉ. आरके त्यागी डॉ. पीसी पैन्यूली, डॉ. पुष्पा पंवार मौजूद थे। (एजेंसी)

पॉलिटेक्निक की टीम ने 21 रन से जीता उद्घाटन मैच

नई टिहरी : कुंजापुरी और पर्यटन विकास मेले में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के तहत मंगलवार को नरेंद्रनगर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कुमारखेड़ा और पॉलिटेक्निक कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें पॉलिटेक्निक कॉलेज ने 21 रनों से जीत दर्ज की। मेला सचिव एसडीएम नरेंद्रनगर देवेंद्र सिंह नेगी ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की बात कही। प्रतियोगिता के पहले दिन पॉलिटेक्निक की टीम ने पहले खेलते हुए 8 ओवर में एक विकेट खोकर 122 रन बनाए। जिसके जवाब में कुमारखेड़ा की टीम मात्र 101 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत, ऋतु जैन, संयोजक रमेश असवाल, सूर्य प्रकाश जोशी, महेश गुसाईं, प्रकाश डंयूडी, संतोष राणा, यशपाल चौहान, नरपाल भंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

28 सितंबर से शुरू होगी मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता

श्रीनगर गढ़वाल : राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता 28 सितम्बर से एसएसबी ग्राउंड में शुरू होगी। प्रतियोगिता के सचिव दिगम्बर सिंह रावत ने बताया कि सांतवीं राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता 28 से 29 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। जिसमें पुरुष और महिला वर्ग की 35 से 95 आयु वर्ग तक की 100 मीटर और 5000 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 16 अक्तूबर से हिसार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

ग्राम प्रधान ने शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारकोट के समय से नहीं लगने की शिकायत ग्राम प्रधान ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर की है। ग्राम प्रधान धारकोट ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारकोट लंबे समय से समयानुसार संचालित नहीं हो रहा है। जिसके कारण बच्चों की समयानुसार छुट्टी नहीं हो रही है। बताया कि इसका मुख्य कारण यहां तैनात शिक्षक 40 से 60 किमी. दूर रहकर विद्यालय को संचालित कर रहे हैं।

मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

12 सितंबर को आत्महत्या करने के मामले का मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी बाल संप्रेक्षण गृह में पॉक्सो ऐक्ट में निरुद्ध कोटद्वार निवासी नाबालिग के बीती 12 सितंबर को आत्महत्या करने के मामले का मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग के अध्यक्ष ने मंगलवार को बाल संप्रेक्षण गृह का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद आयोग अध्यक्ष अपनी रिपोर्ट शासन को देंगे। अफसरों की बैठक लेते हुए अफसरों को निर्देश दिए कि बाल संप्रेक्षण गृह में जो भी अतिरिक्त सुविधाएं या व्यवस्थाएं की जा सकती हैं, उसे प्राथमिकता से करने को कहा। आगे ऐसी घटनाएं दोबारा न हो इसके लिए उन्होंने अफसरों को बाल संप्रेक्षण गृह में आने वाले नाबालिगों पर केंद्रित क्रियाकलापों को शामिल करने, उनकी मनोदशा को सकारात्मक बनाए रखने के लिए जीवन को प्रभावित करने वाली डाक्यूमेंटरीज आदि पहलुओं पर अमल करने को कहा।बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण के बाद आयोग के अध्यक्ष न्यामूर्ति विजय कुमार बिष्ट ने पौड़ी में संबंधित अफसरों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भ्रमण का मकसद बाल सुधार गृह में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो इसके लिए उचित एवं प्रभावी कार्रवाई करवाना है। आयोग अपने स्तर से भी प्रकरण को लेकर रिपोर्ट शासन को देगा। इससे पहले बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष ने प्रवेश और निकासी संबंधी पंजिकाओं के साथ सीसीटीवी फुटेज, शयन कक्ष, ऑब्जर्वेशन कक्ष, मनोरंजन कक्ष, रसोईघर, स्टोर और शौचालय आदि का निरीक्षण किया। बैठक में अफसरों ने बाल संप्रेक्षण गृह को और अधिक व्यवस्थित और कंफर्ट बनाये जाने के लिए सुझाव भी अध्यक्ष के सम्मुख रखे। इस मौके पर सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, डीएम डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, अपर सचिव एवं निदेशक बाल विकास प्रशान्त आर्य, एडीएम ईला गिरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र सेट, अनुसचिव राजेन्द्र सिंह झिंक्वाण, मोहित चौधरी, डीपीओ देवेंद्र थपलियाल आदि अफसर मौजूद रहे।

मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यामूर्ति विजय कुमार बिष्ट अधिकारियों से जानकारी लेते हुए।

प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल : विक्रम

नई टिहरी : प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मंगलवार को जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था जहां बदहाल है, वहीं महिला उत्पीड़न को लेकर सरकार कतई भी गंभीर नहीं है। भाजपा के कई नेता महिला उत्पीड़न के मामलों में सामने आये हैं। आपदा के बाद से पहाड़ों में सड़कों की बदहाली से आम लोगों को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की संवेदनहीनता से पहाड़ी क्षेत्रों सर्वाधिक बदहाल स्थिति स्वास्थ्य और शिक्षा की बनी हुई है। जिसके चलते तेजी से पलायन हुआ है। जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं देने को लेकर संवेदनशील नहीं है। कहा कि आपदा के दौरान गैरसैंण में सत्र चलने के बाद भी आपदा पर चर्चा कराने सरकार ने मुनासिब नहीं समझा। प्रदेश सरकार आपदा के मानकों को बदलने में रुचि नहीं लेती है। प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र की स्थिति व विशेष परिवेश व तानेबाने को लेकर हमने सरकार से पूरे पहाड़ी क्षेत्र को एसटी एरिया घोषित करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि टिहरी बांध को बनाने में टिहरी के 125 गांवों सहित निकटस्थ क्षेत्रों ने बड़ी कुर्बानी देकर परेशानियां झेली हैं, लेकिन आज टिहरी बांध से रोजगार के पैदा हो रहे अवसरों में ऐसे नियम-कानून तय कर दिये जाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि टिहरी बांध क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में प्रभावितों व स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए, अन्यथा लोगों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

छात्रसंघ चुनाव को दस प्रत्याशियों ने कराएं नामांकन

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाही थौल टिहरी में छात्र संघ चुनाव के लिए कुल 10 नामांकन हुए हैं। यह जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. डीके शर्मा ने बताया कि एसआरटी परिसर टिहरी में मंगलवार को छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर दो और शेष पदों पर एक-एक नामांकन ही हुए हैं। अध्यक्ष पद पर आदित्य रतूड़ी एमएससी प्रथम सेमेस्टर तथा मोहित एलएलबी तृतीय सेमेस्टर ने नामांकन किया। उपाध्यक्ष पद पर विपिन सिंह नेगी एम कॉम प्रथम सेमेस्टर, सचिव पद पर अमन सजवान बीए प्रथम सेमेस्टर, सह सचिव पद पर धीरज चंद्रपाल बीए तृतीय सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष पद पर मृदुल मखलोगा बीए तृतीय सेमेस्टर, छात्रा के लिए आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य के पद पर स्नेहा पुंडीर बीए तृतीय सेमेस्टर तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए ललित प्रताप सिंह एलएलबी तृतीय सेमेस्टर व शाहिद बीकाम तृतीय सहित कुल 10 पदों पर नामांकन हुए हैं। इस मौके पर परिसर निदेश-ाक प्रो एए बौड़ाई ने छात्रसंघ चुनाव के लिए बनी शिक्षकों की विभिन्न समितियां के सदस्यों को निर्देश किया कि नामांकन प्रक्रिया निधर्सरित समय से आरंभ कर समय पर पूर्ण कर ली जाए। छात्र-छात्राओं में लिंगदोह समिति के चुनाव संबंधी निर्देशों का पालन करने को कहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी डा. केसी पेटवाल, डा रविंद्र सिंह ने बताया कि कि 25 सितंबर को सुबह 10 से 12.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, 2 बजे से शाम को 4 बजे तक नाम वापसी और 4.30 बजे तक सभी सही पाए गये वैध प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी जाएगी।

पर्यटन विकास पर प्रदेश सरकार का फोकस : उपाध्याय

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी जिले के पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार यहां पर विकास कामों को तेजी से अंजाम दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी की भी प्रदेश के विकास में रुचि होने के चलते टिहरी जिले के विकास काम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में विधायक उपाध्याय ने बताया कि जिस तरह से पूर्व में डोबरा-चांठी पुल, चिन्यालीसौड़ आर्क ब्रिज और घोंटी पुलों को बनवाया गया था। उसी तरह से पीएम मोदी और सीएम धामी के सहयोग से टिहरी में पर्यटन विकास के लिए कोटी कालोनी, तिवाड़ गांव, पीपल डाली-खांड, बड़कोट सहित टिहरी झील पर 10 पुल नये बनाने का काम किया जा रहा है। जिससे बेहतर आवागमन से टिहरी के पर्यटन पर चार चांद लगेंगे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संदीप रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र संदीप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत गाकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. विवेक रावत ने एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा सशक्तिकरण तथा सामुदायिक सेवा में इसकी भूमिका पर जोर दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है बल्कि सामुदायिक कल्याण में हमारे और हमारे छात्र-छात्राओं की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करती है। तत्पश्चात स्वयं सेवकों ने अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत फलदार एवं छायादार वृक्षों को रोपित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.सी. भट्ट द्वारा कनेर का पौधा लगाया गया। इस दौरान एनएसएस एवं स्वच्छ भारत अभियान विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र संदीप सिंह, बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा करीना एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिया, बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र अजय रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. शिवानी धूलिया सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम ने रोका एक दर्जन विभागाध्यक्षों का वेतन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर महकमों की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने की।

ई-ऑफिस की समीक्षा करते हुए खराब स्थिति वाले महकमों को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई।जिला सभागार में बैठक लेते हुए अधिकतर महकमों की इस मामले में खराब प्रगति के पर नाराज डीएम ने ई-ऑफिस के माध्यम से पत्राचार करने में फिसड्डी विभागों में शामिल सहायक निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला/प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआइसी), खण्ड विकास अधिकारी कोट, उपजिलाधिकारी सतपुली व कोटद्वार, ईओ नगर निकाय जोंक, सतपुली व थलीसैंण का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला कार्यालय, सीडीओ कार्यालय, ग्रामीण विकास कार्यालय, मत्स्य, पर्यटन व ग्रामीण निर्माण विभाग की प्रगति की सराहना भी की। तहसील स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली को गति प्रदान करने के लिए डीएम ने एडीएम को निरंतर समीक्षा करने को भी कहा। कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली पारम्परिक पत्राचार के तौर तरीकों का परिवर्तित डिजिटल स्वरूप है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कार्यों के संपादन में तेजी आ सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन विभागों की स्थिति खराब है वे यथाशीघ्र समस्त प्रकार के पत्राचार को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से निष्पादित करना सुनिश्चित करें। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र सेठ, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, एसीएमओ डा. पारुल गोयल, मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करण रावत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, आईटीडीए राजेश कोहली, ईडीएम सचिन भट्ट सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

हिमालय के प्रति चिंतन सामूहिक जिम्मेदारी

चमोली : जड़ी बूटी शोध एवं विकास संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सीपी कुनियाल ने जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के विषय पर बोलते हुए कहा कि इसके लिए हमें स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज घिंघराण में चिरंजी लाल भट्ट पर्यावरण व्याख्यान में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुनियाल ने कहा कि हिमालय के प्रति चिंतन सामूहिक जिम्मेदारी है। कहा कि अब समय आ गया है कि हमें जलवायु परिवर्तन से जुड़ी समस्याओं को कम से कम करने के लिए जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन के लिए आगे आना होगा और परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कारकों को कम से कम करने के लिए व्यक्तिगत तथा सामूहिक स्तर पर प्रयास करने होंगे। व्याख्यान का आयोजन चंडी प्रसाद भट्ट पर्यावरण एवं विकास केन्द्र की ओर से पर्यावरण व्याख्यान सीरीज के तहत किया गया था।

अब व्हाट्सएप पर होगा पेंशनरों की शिकायत का समाधान

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की पहल पर जनपद टिहरी गढ़वाल में पेंशनरों की शिकायतों के समाधान के लिए व्हाट्सएप सेवा शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ कोषाधिकारी टिहरी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि व्हाट्सऐप सेवा के माध्यम से पेंशनर समस्त कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच कोषागार नई टिहरी के व्हाट्सएप नंबर 7617588677 पर पेंशन भुगतान, जीवन प्रमाण पत्र जमा करने, फार्म 16 प्राप्त करने, पेंशन स्लीप डाउनलोड करने और चिकित्सा प्रतिपूर्ति जैसी सभी पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन की सहायता से प्राप्त कर सकेंगे। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों के जीवन को आसान बनाना है। कहा कि पेंशनरों को अब कोषागार आने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वह व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान प्राप्त कर सकेगें। यह सेवा न केवल सुविधाजनक है, बल्कि यह कोषागार की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता लाएगी। प्रारम्भ में यह सेवा पेंशन संबंधी समस्याओं को हल करने पर केन्द्रित रहेगी। भविष्य में इस सेवा का विस्तार करके पेंशनरों के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) में पंजीकृत मोबाइल नंबरों से फार्म 16 व पेंशन स्लीप आदि को प्राप्त करने के लिए अनुरोध प्राप्त होता है, तो इन सेवाओं को भी व्हाट्सएप के माध्यम प्रदान करने पर विचार किया जाएगा।

नियोजन विभाग व सेतु आयोग द्वारा उत्तराखण्ड स्किल डेवलपमेंट एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्फ्रेंस का आयोजन

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी अक्टूबर में नियोजन विभाग व सेतु आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उत्तराखण्ड स्किल डेवलपमेंट एण्ड एम्पलॉयमेंट कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने राज्य के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त करते हुए उनकी रोजगार की चुनौतियों के समाधान के साथ समावेशी व सतत् विकास की रणनीतियों पर मंथन के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली इस कॉन्फ्रेंस से नीति आयोग, अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन, इंस्टीट्यूट ऑफ हूयमन डेवलपमेंट, इन्टप्रयोन्रशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया, यूएनडीपी व यूनीसेफ को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने उक्त कॉन्फ्रेंस में युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसर तथा विदेश की आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं हेतु कौशल विकास के कोर्स संचालित करने पर एक विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास के साथ विदेशी भाषाओं के कोर्स संचालित करने की रणनीति पर भी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को प्रभावी समन्वय के साथ एकीकृत होकर कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में देहरादून का दबदबा

देहरादून। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भारतीय सैन्य अकादमी में केवि संगठन की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की बालिका फुटबॉल स्पर्धा में मंगलवार को देहरादून संभाग ने दबदबा कायम किया। देहरादून की टीमों ने अपने दोनों मुकाबले जीते। प्रतियोगिता में केवी संगठन के 13 संभागों की टीमों हिस्सा ले रही हैं। अंडर–14 फुटबॉल बालिका में एर्नाकुलम संभाग ने जयपुर संभाग को 6–0 से हराया। वहीं, देहरादून संभाग ने गुरुग्राम संभाग के खिलाफ 10–0 के अंतर से एकतरफी जीत दर्ज की। इसके बाद देहरादून संभाग ने लखनऊ संभाग को 5–0 से मात दी। हैदराबाद संभाग और भोपाल संभाग के बीच मैच ड्रॉ हुआ।

डीएम ने की शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षाधिकारी को परिषदीय परीक्षा में जनपद के सबसे कम परीक्षा फल वाले 4 हाईस्कूलों एवं 4 इण्टर कालेजों के उन कारणों का पता करने के निर्देश दिए। जिससे उनका परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं रहा। हाईस्कूल कम परीक्षाफल में राइका रोहिडा, राइका पोखरी, राउमावि सरपाणी व राइका जोशीमठ तथा इण्टर कम परीक्षाफल में आदर्श विद्याा मन्दिर गोपेश्वर, राइका सितेल, राइका जोशीमठ व राइका रोहिडा शामिल हैं। साथ उन्होंने इन विद्यालयों के पिछले 2 सालों के परीक्षाफल का आकलन करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसक) की टीम द्वारा बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया जाए। जिन बच्चों में कोई चिकित्सीय परामर्श की आवश्यकता है, सर्जरी की आवश्यकता है। उसका निरंतर फोलोअप करके उस समस्या का निराकरण करवाया जाए। उन्होंने बाल विकास विभाग को निर्देशित किया बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के तहत समस्त बालिका इण्टर कालेजों एवं विद्यालयों में एनीमिया की जांच हेतु कैम्प लगाए जांए और मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर एक विस्तृत प्लान बनाते हुए क्रियानवयन करने के निर्देश दिए। (एजेंसी)

सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश की संस्कृति और कला को मिल रही नई पहचान

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कलाओं को न केवल एक नई पहचान मिल रही है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियां भी इससे प्रेरित होकर जुड़ रही हैं। सोमवार का दिन उत्तराखंडवासियों के लिए गौरव का दिन था, जब अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीरामलाल का दिव्य विग्रह देवभूमि की विश्वविख्यात ऐपण कला से सुसज्जित शुभवस्त्रम में सुशोभित हुए। यह शुभवस्त्रम न केवल उत्तराखंड की पारंपरिक कला और समर्पण का प्रतीक था, बल्कि इसने राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को राष्ट्रीय पटल पर एक नया गौरवशाली अध्याय जोड़ा।

इन शुभवस्त्रों को उत्तराखंड के कुशल शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से तैयार किया और स्वयं मुख्यमंत्री ने इसे अयोध्या पहुंचाकर श्रीराम मंदिर में भेंट किया। यह शुभवस्त्रम् में न केवल प्रदेश की ऐपण कला नजर आती है, बल्कि इसमें निहित भक्ति और श्रम साधकों की अद्वितीय शिल्पकला का अद्भुत समन्वय भी है, जिसने उत्तराखंड की सांस्कृतिक छवि को और अधिक प्रखर बना दिया। मुख्यमंत्री धामी के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश की लोक कला, संगीत, नृत्य और शिल्पों के संवर्धन की दिशा में भी अनेक ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी न केवल राज्य के स्थानीय हस्तशिल्प और कारीगरों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि राज्य के युवाओं को भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और इसे संजोने की प्रेरणा दे रहे हैं। सीएम धामी के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि उत्तराखंड की पारंपरिक कला और संस्कृति की गूंज अब अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी सुनाई देने लगी है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्तराखंड की लोक कलाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे राज्य को वैश्विक पहचान और सम्मान मिल रहा है। धामी का मानना है कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और संवर्धन आधुनिक संसाधनों और तकनीकों के साथ होना चाहिए ताकि यह अमूल्य विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री धामी का यह दृढ़ विश्वास है कि राज्य का समग्र विकास तभी संभव है जब उसकी सांस्कृतिक जड़ें मजबूत हों। इसलिए, उनके नेतृत्व में युवाओं को डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया के ज़रिए संस्कृति से जोड़ा जा रहा है। सांस्कृतिक संस्थानों और कला संगठनों के सहयोग से युवाओं को पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे अपनी संस्कृति पर गर्व करें और इसे और आगे बढ़ा सकें।

चमन विहार सोसाइटी अध्यक्ष बने मनोज कांबोज, सचिव गौतम चुने गए सचिव

देहरादून। देहरादून के चमन विहार फेज–2 वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव में मनोज कांबोज अध्यक्ष, गौतम क्षेत्री सचिव चुने गए। आईटीबीपी रोड स्थित सोसाइटी में रविवार को चुनाव संपन्न हुए।

चुनाव में सोसाइटी के 274 सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया। उपाध्यक्ष पद पर मोहत शर्मा, उपसचिव पद पर बालिंदर कांबोज, कोषाध्यक्ष पद पर हिमांशु उभान ने जीत दर्ज की। चुनाव के विभिन्न पदों पर 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। अध्यक्ष बने मनोज कांबोज ने अपने प्रतिद्वंद्वी अमित वर्मा को 79 वोटों से हराया। कांबोज को 174 और मोहित वर्मा को 95 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर मोहत शर्मा ने अंशुमान और रशपाल को मात दी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com